हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 18 मई 2024

06 तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लूट करने वाले ...



07 भगवान रामजी का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ा...



नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

## खबर संक्षेप

### नाली खोदते में करंट लगने से मौत

**सीहोर।** बुदनी के माना क्षेत्र में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जहां करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार को करंट लगने से गुरु प्रसाद (26) की मौत हो गई वह मजदूरी करता था और छिंदवाड़ा का रहने वाला था। दरअसल, वह नाली निर्माण करने वाली कंपनी में मजदूरी करता था और माना इलाके में नाली निर्माण का काम कर रहा था, इसी दौरान मजदूर के हाथ में कोई लोहे की चीज थी, ज्यादा लंबी होने की वजह से वह ऊपर लटक रहे बिजली के तार से टकरा गई और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया और जांच शुरू कर दी है।

### गेहूं विक्रय के लिए अब 2 दिन रह गए शेष

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए अब 3 दिन बचे हैं। पहले अंतिम तिथि 7 मई थी जिसे बढ़ाकर अब 20 मई कर दिया गया है। किसानों की सुविधा को देखते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की अवधि 20 मई तक बढ़ाई गई है। इस आशय के आदेश खाय, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव द्वारा जारी किए गए हैं। अब जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 20 मई तक किया जाएगा।

### ट्रांसफार्मर बदलने 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर।** मानसून सीजन के दौरान आधी-बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर असफल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके अलावा मोबाइल एप उपाय पर भी शिकायत की जा सकती है। कंपनी के अनुसार उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराने के लिए अपने मोबाइल में प्ले स्टोर के माध्यम से उपाय एप डाउनलोड कर उसके उपयोग से भी अपनी शिकायत आसानी से दर्ज करा सकते हैं।

### आश्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन 1 जून तक

**सीहोर।** जिले में संचालित जनजातीय एवं अनुसूचित जाति के छात्रावापस, आश्रमों में जो छात्र-छात्राएं प्रवेश लेना चाहते हैं उन्हें प्रवेश के पूर्व अपना प्रोफाइल पंजीयन कराना जरूरी है। क्योंकि इन संस्थाओं जूनियर/आश्रम, उत्कृष्ट/सीनियर एवं महाविद्यालय बालक/कन्या में बिना पंजीयन के छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रोफाइल पंजीयन कराने के लिए विभागीय वेबसाइट पोर्टल पर जाकर नया प्रोफाइल पंजीयन करा सकते हैं। इसके बाद छात्र-छात्राएं जिस छात्रावास में प्रवेश चाहते हैं उस छात्रावास में जाकर निशुल्क प्रवेश आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

### विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ किया एसपी कार्यालय का घेराव

# रिपोर्ट दर्ज करने पर फरियादी से 3 लाख रिश्वत लेने का आगर पुलिस पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

आगर कोतवाली पुलिस पर प्रकरण दर्ज करने के नाम पर 3 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायक ने गुरुवार रात कार्यकर्ताओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी का घेराव कर दिया। दरअसल एक जमीन के सौदे में विक्रय पत्र संपादित होने के बाद राशि लेन देन को लेकर हुए विवाद में कोतवाली थाना पर एक शिकायत कि गई थी, जिसको लेकर थाने पर पदस्थ दो प्राधन आरक्षकों पर एक पक्ष से प्रकरण दर्ज करने के नाम पर 3 लाख रुपए की रिश्वत लेने की शिकायत विधायक आगर को की गई थी।

बता दें कि फरियादी नरेंद्र सिंह ठाकुर पिता खुमान सिंह ठाकुर निवासी माली खेड़ी रोड आगर और हंसा बंसिया पिता गिरिराज बंसिया निवासी पाल रोड द्वारा जमीन खरीदी बिक्री में धोखाधड़ी करने के मामले में करीब 2 माह पूर्व आगर कोतवाली थाने पर एजाज खान के खिलाफ आगर कोतवाली थाने पर एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसमें पुलिसकर्मी एजाज खान पर एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे थे।



**3 लाख की रिश्वत लेने के बाद पुलिस ने 420 में किया प्रकरण दर्ज**

पुलिस द्वारा एजाज खान पर प्रकरण दर्ज करने के बदले आवेदक से 3 लाख की मांग की जा रही थी, इसके बाद 15 मई को आवेदक द्वारा आगर कोतवाली थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल राधेश्याम विश्वकर्मा और हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह भाटी को 3 लाख की रिश्वत दी गई, इसके बाद पुलिस द्वारा 15 मई को एजाज खान के खिलाफ 420 का मामला दर्ज किया गया।

### दो प्रधान आरक्षक को किया तत्काल निलंबित

विधायक ने रिश्वत लेने वाले दोनों आरक्षकों को निलंबित करने और पीडित पक्ष की राशि वापस दिलाने की मांग को लेकर पहले तो एसपी विनोद कुमार सिंह को आवेदन दिया और फिर विरोध में देर तक नारेबाजी कर पुलिस पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए एसपी से कार्रवाई की मांग की। भूमि के विक्रेता का कहना है कि राशि देने के बाद भी झूटी शिकायत कि गई थी, जब हमने क्रेता पर कार्रवाई कि मांग तो हमसे रिश्वत मांगी गई थी। विधायक मधु गेहलोत का कहना है कि आगर पुलिस भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है हम मुख्यमंत्री को शिकायत करेंगे। इस संबंध में एसपी विनोद कुमार सिंह का कहना है कि गंभीर आरोपों के चलते दोनों प्रधान आरक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा और नरेंद्र सिंह भाटी को निलंबित किया गया है। मामले की जांच करवाई जा रही है।

# खाद्य सुरक्षा दल ने 3 दुकानों से 5 सैंपल लेकर भोपाल लैब भेजे



हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

खाद्य सुरक्षा विभाग के दल द्वारा गत दिवस आगर नगर में संचालित जूस सेंटर एवं शीतल पेय पदार्थ के फुटकर और थोक विक्रेताओ की 3 दुकानों जांच की गई। जिसमें श्रीराम जूस सेंटर से रंगीन शक्कर की चासनी के साथ आम, दूध बर्फ को मिक्स कर बनाये गए आम का रस जांच हेतु लिया तथा 2 लीटर चासनी के घोल को नष्ट करवाया तथा फलों की नियमित रूप से छंटनी कर सड़े गले फलों को तत्काल हटाए/ नष्ट करने के निर्देश दिए। सांवरिया जूस सेंटर से आम रस एवं गन्ने के जूस के सैंपल तथा जन्नत ट्रेडर्स से कार्बोनेटेड वाटर जीरा तथा मांगो फ्रूट ड्रिंक के कुल 5 सैंपल एकत्रित कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए। जांच रिपोर्ट के अनुसार अग्रिम कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।



### ग्राहकों के लिए सतर्कता एवं हिदायत

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा प्राकृतिक फलों का ही ज्यूस सेवन करें, जूस बनाने के 3 से 4 घंटे के अंदर ही सेवन कर लें, प्राकृतिक जूस में कृत्रिम रंग, फ्लेवर का प्रयोग न करें, सक्रीन युक्त शीतल पेय पेप्सी पाउच का सेवन न करें, दूध उत्पाद, लस्सी, आइसक्रीम, कुल्फी, जूस, फलों के सेवन से पूर्व स्वाद, रंग ,गंध में परिवर्तन दिखे तो सेवन न करें, कृत्रिम रूप से पके फलों जैसे केले आम के छिलके पर काले धब्बे के निशान बने हो तो सेवन से परहेज करें, पैक कोल्डड्रिंक्स की बॉटल पर निर्माण /पैकिंग तिथि और बेस्ट बिफोर/यूज बाय डेट अवश्य जांच लें, किसी भी प्रकार की अमानक सामग्री के निर्माण, संग्रहण, परिवहन, विक्रय की शिकायत संबंधित क्षेत्र के बीएमओ, सीएमओ, पुलिस या जिला खाद्य सुरक्षा विभाग के जिला कार्यालय माधवगंज आगर में कर सकते है। या सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी इसकी शिकायत की जा सकती है।

# मानव जीवन में भौतिक विज्ञान की भूमिका पर दिया व्याख्यान



**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में माधव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन भौतिक विज्ञान की प्राध्यापिका डॉ. आयुषी पालीवाल के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल की अध्यक्षता में मानव जीवन में भौतिक विज्ञान की भूमिका विषय पर व्याख्यान हुए। डॉ. आयुषी पालीवाल ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि मानव जीवन में विज्ञान की भूमिका वर्तमान में बहुत है। व्यक्ति विशेष के ऊपर निर्भर करता है कि वह विज्ञान द्वारा बनाई गई वस्तुओं का सद्घपयोग करें या दुरूपयोग। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुखदेव बैरागी द्वारा किया तथा आभार सुश्री सुधा शर्मा द्वारा माना गया। इस अवसर पर डॉ. प्रेरणा पाठक, डॉ. जितेन्द्र चावरे, अनिल प्रजापति सहित स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महालेखा परीक्षक मुर्मू आज नलखेड़ा में



**नलखेड़ा।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक जीसी मुर्मू शनिवार को आगर मालवा जिले के भ्रमण पर रहेंगे। मुर्मू बगलामुखी मंदिर पहुंचकर मां बगलामुखी के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 मई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

### शिविर आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई

जिला मुख्यालय सहित विकास खंड मुख्यालयों पर 20 मई से 20 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में गुरूवार को बैठक आयोजित कर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शक्ति राऊत ने बताया कि जिला स्तर पर 4 खेलों में तथा विकासखंड स्तर पर 2 खेलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु आगर विकासखंड के लिए पवन उचाडिया , बडौद विकासखंड के लिए रेम सिंह चौहान, सुसनेर विकासखंड के लिए सोनू पाटीदार, नलखेड़ा विकासखंड के लिए अमज़द अली खान से सम्पर्क किया जा सकता है। बैठक में क्रीड़ा अधिकारी शासकीय नेहरू महाविद्यालय आगर अनिल पाटीदार, बास्केटबॉल खेल प्रशिक्षक शीतल जैन, आयुष दुबे मार्शल आर्ट प्रशिक्षक, विशाल सूर्यवंशी, अजय चौधरी, विशाल गायरी, पवन उचाड़िया, महेश पाटीदार, सोनू पाटीदार आदि उपस्थित रहे।




# विनोद इलेवन धरोला प्रीमियर लीग की विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्राम धरोला में आयोजित धरोला प्रीमियर लीग-2 के फायनल में विनोद इलेवन ने विकास इलेवन को हराकर खिताब अपने नाम किया। ग्राम धरोला में धरोला क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में धरोला प्रीमियर लीग-2 का सफल आयोजन हुआ। लीग में 4 क्रिकेट टीमों ने भाग लिया था।

फायनल में विनोद इलेवन ने विकास इलेवन को 26 रन से हराकर खिताब जीता। विजेता टीम को गोपाल पाटीदार की ओर से 5100 रुपए एवं उपविजेता टीम को राधेश्याम नागर की ओर से 2500 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। धरोला प्रीमियर लीग के सफल आयोजन में धरोला क्रिकेट क्लब के कप्तान गिरिराज दुबे, जितेंद्र सिंह, विकास पाटीदार,विनोद पाटीदार, गोविंद पाटीदार, रामबाबू पाटीदार, गोविंद तेजरा, भोला पाटीदार,भोला भिलाला, दिलीप पाटीदार, राजाबाबू पाटीदार, पवन बंजरिया, गोपाल मामा, कमल नागर, मुकेश नागर, मुकेश पाटीदार, राकेश पाटीदार, रामनारायण तेजरा, कपिल जैन की सराहनीय भूमिका रही।




# विभागीय दायित्वों का पूरी गंभीरता से करें निर्वाहन : कलेक्टर प्रवीण सिंह

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित कर अनेक विभागों की विभागीय प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर सिंह ने राजस्व महा अभियान एवं राजस्व प्रकरणों की समीक्षा, जल जीवन मिशन की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण कार्यों विकास की प्रगति, मनरेगा योजना की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन, लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण, सीएम राइज विद्यालय की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के पश्चात अपने विभागीय दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वाहन करें। कलेक्टर सिंह ने पीएचई विभाग की समीक्षा के दौरान पेयजल वितरण की जानकारी लेते हुए कहा कि नागरिकों को पेयजल के लिए परेशानी ना हो, यह सुनिश्चित करें।

कहीं से भी पेयजल संबंधी शिकायत या सूचना प्राप्त होने पर तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान अभी तक उपार्जित की गई उपज की मात्रा, उपज के सुरक्षित भण्डारण आदि की जानकारी लेते हुए शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार उपज की खरीदी एवं भंडारण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग समीक्षा के दौरान सीएमएचओ को निर्देश दिए की सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम निर्धारित समय पर किए जाएं।

# मां के आलौकिक स्वरूप का हो रहा रोज आकर्षक श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर मां के आलौकिक स्वरूप का प्रतिदिन आकर्षक श्रृंगार हो रहा है। जिसके चलते भक्त माता के सम्मुख बैठे रहने को मजबूर हो रहे हैं। गत 15 मई बैसाख शुक्ल अष्टमी को माता रानी का प्राकट्य दिवस गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन हजारों की संख्या में भक्त माता रानी के दर्शन के लिए सिद्धपीठ पर पहुंचे थे। अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करने वाली मां बगलामुखी के आलौकिक स्वरूप का प्रतिदिन हो रहा आकर्षक श्रृंगार जहाँ भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। वहीं भक्त की मां के सम्मुख से हटने की इच्छा ही नहीं हो रही है। लेकिन दर्शनार्थियों की कतार के कारण उन्हें मजबूरी में हटना पड़ रहा है।

### नगर परिषद द्वारा 4 से 5 दिन के अंतराल में नगर में जलप्रदाय किया जा रहा

# नदी में पर्याप्त पानी होने पर भी बड़ागांव में जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन गर्मी के इन दिनों में नागरिकों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए जहां कार्ययोजना बनाकर उस पर क्रियान्वयन कर रही है। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर उन्हें दिशा निर्देश भी दिए जा रहे हैं। बावजूद इसके नलखेड़ा तहसील के टप्पा बड़ागांव के बाशिंदो को नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी होने के बाद भी भीषण गर्मी में जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद द्वारा 4 से 5 दिनों के अंतराल में नगर में जलप्रदाय किया जा रहा है।

नलखेड़ा तहसील के बड़ागांव में मुख्यमंत्री शहरी नल, जल योजना के तहत लाखों रुपए खर्च करके भी नगर में पूरी तरह से जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। नगर से लगभग 10 किलोमीटर दूर लखुंदर नदी से पाइपलाइन बिछाकर तथा फिल्टर प्लांट बनाकर नगर के लिए पानी लाया गया था। लेकिन आज हालात यह है कि चार से पांच दिनों के अंतराल में नगर में जलप्रदाय किया जा रहा है। जिसके चलते नगर में पेयजल संकट की समस्या उत्पन्न हो गई है। लखूंदर नदी में पर्याप्त पानी होने के बावजूद भी नगर के जनप्रतिनिधियों तथा नगर परिषद की उदासीनता के चलते बड़ागांव वासियों पर जल संकट मंडरा रहा है।






मुख्यमंत्री शहरी नल जल योजना के तहत लाखों रुपए खर्च करके नगर के लिए पाइपलाइन से रोज नगर वासियों को जलापूर्ति करना था। लेकिन बताया जा रहा है कि बिजली की सही व्यवस्था नहीं होने से फिल्टर प्लांट तक पानी नहीं पहुंच रहा है। जिसके चलते नगर में जल संकट की स्थिति निर्मित होकर नागरिकों को चार से पांच दिनों के अंतराल में एक बार जल सप्लाय किया जा रहा है। बताया जाता है कि नगर परिषद द्वारा लखुंदर नदी में जो बैराज बनाया गया है उसमें पानी का स्टॉक किया जाता है। जो इन दिनों पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होने के बाद भी नगर प्यासा का प्यासा ही रह रहा है। वहीं नगर वासियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिम्मेदारों को चाहिए कि जल्द से जल्द इस भीषण गर्मी में नगर वासियों को जल संकट से राहत दिलाई जाए, ताकि मुख्यमंत्री शहरी नल जल योजना के तहत खर्च हुए लाखों रुपए का उपयोग हो सके ओर नगर में जलापूर्ति की जाए। इसके लिए नगर परिषद के जिम्मेदारों तथा जनप्रतिनिधियों को आगे आकर बिजली की वजह से जो समस्या उत्पन्न हो रही है उस समस्या का निवारण करके नगर को रोज स्वच्छ जल की आपूर्ति की जाए।

बड़ागांव नगर परिषद में सीएमओ के पद पर प्रभारी कार्य कर रहे हैं जिनके पास जिले की एक अन्य नगर परिषद का चार्ज भी है। बताया जाता है की प्रभारी सीएमओ बड़ागांव नगर की समस्याओं पर जितना ध्यान देना चाहिए उतना दे नहीं पाते हैं, जिसके चलते ही नगर में पेयजल संकट के साथ अन्य समस्याएं भी विकराल रूप धारण कर रही है।

### निवारण शीघ्र ही होगा...

जिस स्थल से पानी सप्लाय किया जाता है वहां ग्रामीण फिटर के अंतर्गत होने से बिजली की समस्या बनी रहती है। जिसके चलते नगर में जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस संबंध में पूर्व में कलेक्टर को पत्र लिखकर बिजली की समस्या से अवगत कराया गया है वहीं शुक्रवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मैं भी इस समस्या को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे जिनके द्वारा शीघ्र ही इस समस्या से निजात दिलाने का कहा गया है। जल्द ही 24 घंटे बिजली मिलेगी तथा रोज नगर में जल प्रदाय किया जाएगा।

**- शिवपाल सिंह चौहान,** प्रभारी सीएमओ नगर परिषद बड़ागांव जिला आगर मालवा

खबर संक्षेप

## कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यशाला का हुआ आयोजन



**देवास।** कृषि विज्ञान केन्द्र देवास में सोयाबीन और दलहनी फसलों के बुवाई पद्धति के नवाचार के लिए उन्नतशील कृषकों, कृषि विभाग के मैदानी अमले एवं कृषि अभियांत्रिकी के मैदानी अमला को प्रशिक्षण दिया गया।
कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र देवास के वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे। कार्यशाला में कृषि यंत्री अंशुल बारोड द्वारा बताया गया कि ब्राड बैड फरो (चैड़ी क्यारी व नाली पद्धति) सीड ड्रिल से बुवाई करने से फसल उत्पादन में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है। इस पद्धति से बुवाई करने पर अतिवर्षा की स्थिति में जल निकास होता है और न्यूनतम वर्षा की स्थिति में नमी संरक्षण होता है। सामान्य सीड कम फर्टिलाइजर सीड ड्रिल में अलग से बीबीएफ अटैचमेंट लगाकर बीबीएफ सीड ड्रिल अटैचमेंट बनाया जा सकता है। इस अटैचमेंट की कीमत लगभग 5 से 6 हजार होती है। इस मशीन से कतार से कतार की दूरी एडजस्ट की जा सकती है।

### थाना सोनकच्छ के तहत हुई 17 लाख की लूट का पुलिस ने किया खुलासा

# तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लूट करने वाले 6 बदमाशों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

### जामगोद-तालोद के बीच पहाड़ी के पास सेवा सहकारी संस्था जामगोद के प्रबंधक सेंधव के साथ हुई थी लूट की वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



विगत दिनों सोनकच्छ थाना अंतर्गत हुई 17 लाख रुपये की लूट का शुक्रवार को एसपी सम्पत उपाध्याय ने प्रेस वार्ता कर खुलासा किया। सोनकच्छ के जामगोद-तालोद के बीच पहाड़ी के पास सेवा सहकारी संस्था जामगोद के प्रबंधक पर लाठी से हुए हमले के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने 17 लाख 9 हजार रुपए लूट लिए थे।

घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना सोनकच्छ श्यामचन्द्र शर्मा ने तत्काल मय फोर्स के रवाना होकर घटनास्थल पहुंचकर घटनास्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण किया गया । उक्त अज्ञात आरोपी के विरूद्व थाना सोनकच्छ में अपराध क्रमांक 263/2024 धारा 394 भादवि का अपराध पंजीबध कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास सम्पत उपाध्याय,भापुसे के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवास जयवीरसिंह भदौरिया व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ दीपा मांडवे के निर्देशन में 03 विशेष टीमो का गठन किया गया । मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किये गये ।

प्रेस वार्ता में एसपी संपत उपाध्याय ने बताया कि 1 मई को शाम सात बजे सेवा सहकारी संस्था जामगोद के प्रबंधक हरेंद्रसिंह पिता सूरजसिंह ठाकुर के साथ लूट की घटना हुई थी। इस मामले को जांच करने के लिए 3 टीम बनाई गई थीं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बदमाशों में बाबा उर्फ महेन्द्र सिंह पिता मांगीलाल उम्र 40 निवासी हरनावदा, पंकज पिता बाबू सिंह उम्र 29 निवासी दोलतपुर, राजा उर्फ राजेन्द्र पिता दिलीप उम्र 30 निवासी गुराड़िया हाथु, निलेश पिता रमेश सोलंकी उम्र 20 निवासी डेहरिया साहू, दुर्गेश पिता कमल उम्र 22 निवासी डेहरिया साहू, दीपक पिता पप्पू उम्र 20 निवासी डेहरिया साहू शामिल हैं। साथ ही एक अन्य इनका साथी अभी फरार है। बदमाशों से 11 लाख रुपए नगद, एक बाइक व 3 मोबाइल सहित करीब 12 लाख रुपए का मश्रुका बरामद किया है। बाकि की राशि भी रिकवर करने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ अपराधियों का पूर्व में अपराधिक रिकार्ड रहा है। उक्त सरहानीय कार्य में निरीक्षक श्यामचंद्र शर्मा थाना प्रभारी सोनकच्छ, उनि.आर.के. शर्मा, उनि एस.एस.पटेल, आर विकास राजावत, सत्येन्द्र सोलंकी, श्याम बिहारी शर्मा, सुधीर, लक्ष्मन, रवि पाटीदार, सैनिक मांगीलाल थाना सोनकच्छ, प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक केशव सिंह कुश्वाह, प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर, सचिन चोहान, आरक्षक योगेश कदम, मोनू राणावत साइबर सेल टीम देवास का सराहनीय योगदान रहा ।



## अखिल भारतीय मराठा युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को

**देवास।** संस्था के अध्यक्ष कीर्ति चव्हाण ने बताया कि श्री शिव छत्रपति मराठा संघ देवास द्वारा तृतीय अखिल भारतीय परिचय महाकुंभ का आयोजन दिनांक 19 मई रविवार को स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में किया जा रहा है जिसमें की अभी तक कुल 400 से अधिक प्रविष्टियाँ मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा से प्राप्त हो चुकी हैं। विगत दो वर्षो से प्रारंभ हुए इस सम्मेलन में प्रतिवर्ष समाज के उत्थान के लिये कार्य करने वाले व्यक्तित्व को मराठा गौरव सम्मान भी दिया जाता है इस वर्ष यह सम्मान वरिष्ठ समाज सेविका स्वाती युवराज काशीद को देने का समिति ने निर्णय लिया हैं। इस अवसर पर देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी मुख्य अतिथि एवं कृष्णमुरारी मोघे पूर्व महापौर इंदौर नगर निगम विशेष अतिथि रहेगें एवं आध्यात्म गुरू प्रेम परमार गुरूजी बगलामुखी धाम इंदौर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगें। इस अवसर पर परिचय विशेषांक का भी प्रकाशन किया जायेगा जिसमें प्रत्याशियों एवं अभिभावकों की फोटो सहित सम्पूर्ण जानकारी भी दी जायेगी। कार्यक्रम को मूर्तरूप देने के लिये संघ के सदस्य दिलीपसिंह जाधव, अशोक जाधव, सुरेश चव्हाण, कुमार जाधव, दिलीप तापकीर, दिनकर राव जाधव, संजय पाटील, हिमांशु राजोले, आनंदराव माने, महिला मण्डल की शालिनी चव्हाण, कल्पना जाधव, रंजना जाधव, रोहिणी भोसले, सरोज भंवर, राजश्री काले, सारिका पवार, अनिता चव्हाण, पल्लवी जाधव, वृषाली आप्टे, वंदना निम्बालकर एवं मराठा संघ की पूरी टीम विगत कई दिनों से बैठक कर सभी को अपनी-अपनी महती जिम्मेदारी सौंपकर कार्यक्रम को एक भव्य रूप देकर सम्पन्न कराने हेतु परिश्रम कर रही हैं। चव्हाण ने समस्त समाजजन से अपील की है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ ले एवं इसे सफल बनावे।




## 19 मई को निकलेगी सर्व ब्राह्मण समाज की परंपरागत परशुराम शौर्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ द्वारा प्रतिवर्ष भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी की शौर्य यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी यह शौर्य यात्रा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा के नेतृत्व में 19 मई रविवार को शाम 5.30 बजे से सयाजी द्वार से प्रारम्भ होगी। यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री पंडित नरोत्तम मिश्रा, एवम विशेष अतिथि परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजोरिया, सर्व ब्राह्मण युवा परिषद के संयोजक पंडित विकास अवस्थी, एवम वरिष्ठ समाज सेवी पंडित योगेश मिश्रा इंदौर रहेंगे। यात्रा का मुख्य आकर्षण समाज को संदेश देते हुई परशुराम जी, हनुमानजी की प्रतिकृति व समुद्र मंथन के दृश्य की झांकी होंगी । सम्पूर्ण यात्रा मार्ग पर पूरे समय भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएगी, घोड़े, बग्घी, ढोल, ताशे, बैंड के द्वारा भी धार्मिक माहौल का निर्माण किया जाएगा। यात्रा की अगुवाई महिला मंडल द्वारा एक जैसी वेशभूषा में यात्रा में शामिल होकर किया जाएगा। सभी विप्रजन धार्मिक परम्परा अनुसार वेशभूषा में उपस्थित रहेंगे। यात्रा नावेल्टी चौराहा , सुभाष चौक, जनता बैंक चौराहा, जवाहर चोक होते हुए मंडी धर्मशाला पहुंचेगी। जहां पर भोजन प्रसादी के साथ यात्रा का समापन किया जाएगा। अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, महिला अध्यक्ष यशोदा शर्मा, युवासंघ जिलाध्यक्ष आदित्य दुबे, युवासंघ नगर अध्यक्ष विमल शर्मा ने यात्रा को सफल बनाने के लिए नगर के सभी विप्रजन ओर सनातनियो से यात्रा में शामिल होने के लिए निवेदन किया है।



## महेंद्र सिंह सोलंकी ने देव दर्शन कर लिया कार्यकर्ता मिलन समारोह में हिस्सा

**देवास।** शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एवं उत्साहपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने के उपरान गुरुवार प्रातः सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने देव दर्शन किए। भाजपा कार्यकर्ताओं, वाहनों के लम्बे काफिले के साथ सोलंकी प्रातः 9 बजे शहर के प्रसिद्ध श्री खेड़ापति मारुति मंदिर पंहुचे। वहा हनुमान जी की पूजा अर्चना कर नागदा स्थित प्राचीन सिद्धि विनायक श्री गणेश मंदिर पंहुचे। सिद्धि विनायक की पूजा अर्चना कर मल्हार स्थित सदगुरु श्री योगेन्द्र शीलनाथ धूनी संस्थान पंहुचकार दर्शन लाभ लिये। इसके पश्चात बड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर एवं कवि कालिदास मार्ग स्थित जैन मंदिर पंहुचकर दर्शन किए। तत्पश्चात ए बी रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब पंहुचकर मत्था टेका। गुरुद्वारा से देववासिनी पर्वत माता टेकरी पर मां तुलजा भवानी, चामुण्डा माता के दर्शन पूजन किए। करीब 4 घंटे तक भ्रमण करते माता टेकरी से बिलावली स्थित प्रसिद्ध महांकाल मंदिर पंहुचकर भगवान महांकालेश्वर का पूजन अभिषेक किया। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी शेखर कौशल ने बताया कि देव दर्शन के पश्चात श्री सोलंकी ने बिलावली मंदिर परिसर में आयोजित अनौपचारिक कार्यकर्ता मिलन समारोह में हिस्सा लिया। शहर एवं ग्रामीण से सेकडो की संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट करते हुए संवाद किया। कुशलक्षेम पूछते हुए महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बहादुर मुकाती, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, दिलीप जाधव बाबा साहब, महेश चौहान, अजीत भल्ला, हरिसिंह धनगर, जगदीश सेन, दिनेश परमार, मनीष सोलंकी, पार्षद अजय तोमर, प्रवीण वर्मा, भूपेश ठाकुर, निलेश वर्मा, बंटी मागरोलिया, लक्की मक्कड़, भोजराज सिंह ठाकुर, शशांक शर्मा, नीरज चौहान, अंशु गुप्ता, सुनील वर्मा, आयुष शर्मा, रितेश उपाध्याय, अनुज शर्मा, मोनू चंद्रवंशी सहित अनेक भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## किताबी ज्ञान के साथ ही शास्त्रों का भी ज्ञान होना चाहिए: नागर

**चापडा।** भगवान को अभिमान कभी भी नहीं भाता है। इसलिए व्यक्ति को भक्ति, दान करने पर कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए। हमेशा गोपनीय भक्ति, दान करना चाहिए, सच्चे भाव से यदि व्यक्ति पुर्ण का काम करता है, तो भगवान की कृपा उस पर अवश्य ही बनती है। उक्त बातें ग्राम गुराडिया कला में मां अन्नपूर्णा मंदिर परसर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन श्रोताओं को संबोधित करते हुए, कथावाचक पंडित प्रीति नागर ने कही। कथा वाचक नागर ने कहा कि युवाओं के पास आज के समय में कितना भी अनुभव हो लेकिन यदि उन्हें हिंदू धर्म के शास्त्रों का ज्ञान नहीं है, तो सब कुछ अधूरा है। इस लिए किताबी ज्ञान के साथ शास्त्रों का ज्ञान भी हो ना आवश्यक है। शुक्रवार के दिन कथा में बड़ी संख्या मे गांव सहित आसपास के ग्रामीण कथा सुनने के लिए पहुंचे। दूसरे दिन की कथा को आरती के पश्चात विराम दिया गया। सभी ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है।



## जानकी जयंती-सीता नवमी पर गौ वंश रक्षा संकल्प समारोह हुआ

**देवास।** संस्था अभिरंग द्वारा जानकी जयंती के अवसर पर शंकरगढ़ गौशाला मे गौ वंश रक्षा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष व गौ शाला संचालक बसंत वर्मा ने बताया की जानकी जयंती के शुभ अवसर पर नगर निगम के आदेशानुसार गौमाता कों हरा चारा व गुड़ खिला कर पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट रणजीत सिंह सोलंकी, वाल्मिक प्रसाद उपाध्याय रिटायर्ड प्रभारी प्राचार्य सतना, नगर निगम नोडल अधिकारी हरेंद्रसिंह ठाकुर, गौसेवक अनुज श्रीवास, संदीप बैरागी, पीयूष गुप्ता, पंकज शर्मा, शिवराज स्नेक किंग, दीपक राय, जेसीबी चालक लाला जी, राम जी उपस्थित थे। सभी ने गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया व आने वाले विशेष अवसर पर गौसेवा हेतु गोवंश सेवा संकल्प समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रम करने का संकल्प लिया।



### जिला प्रशासन व वरिष्ठ नागरिक संस्था के समन्वय से जल संवाद कार्यक्रम आयोजित

# जल संवर्धन और संरक्षण के लिए जन जागरण कार्यक्रम आयोजित करें: कलेक्टर ऋषव गुप्ता




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ नागरिक संस्था के समन्वय से वरिष्ठ नागरिक संस्था कार्यालय देवास में जल संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जल संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, नगर निगम कमिश्नर रजनीश कसेरा, सुनील चतुर्वेदी, वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष ओपी पाराशर, संरक्षक डॉ मनोहर भाले सहित वरिष्ठ नागरिक संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

जल संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ नागरिक संस्था के समन्वय से जल बचाने के लिए कार्य किया जायेगा। यह अच्छी मुहिम है, जिला प्रशासन आपके साथ है। देवास जिले में जल संवर्धन और जल संरक्षण के लिए जन जागरण कार्यक्रम शीघ्र आयोजित करें। गुप्ता ने कहा कि गर्मी का मौसम देखते हुए पानी का दुरूपयोग नहीं करें। नगर निगम को निर्देश दिये कि जो भी पानी का दुरूपयोग करते है, उन पर कार्यवाही करें।



## हिन्दू संगठनों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर दिया ज्ञापन



**देवास।** शुक्रवार को हिन्दू संगठनों व संस्था राम-राम के सदस्यों ने बड़ी संख्या में नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुँचे। जंहा एएसपी जयवीर सिंह भदोरिया को एक ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने बताया कि इस्लामिक कट्टरपंथी सोच रखने वाले व्यक्तियों की ओर से राष्ट्रवादी व सनातन धर्म व सामाजिक कार्य करने वाले शैलेंद्र सिंह पवार की हत्या करने के लिए षड़यंत्र रचा जा रहा है। मामले में शामिल लोगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में एएसपी जयवीर सिंह भदोरिया ने बताया कि मामले में इंदौर निवासी इमरान चौहान के बयान लिए गए है। इंदौर जिले में भी आवेदन पत्र अलग-अलग जगह दिए गए है। मामले में जांच चल रही है। संस्था राम-राम के संस्थापक शैलेन्द्र पवार की हत्या की सुपारी इंदौर की गैंग संचालक को दी गई। इसका खुलासा उस गैंग से कुछ समय पहले ही अलग हुए इंदौर चंदनगर निवासी इमरान चौहान ने किया। उसने इंदौर कलेक्टर को एक आवेदन देकर इस मामले में उसका कोई लेना-देना नहीं होने की बात कही। वह गुरुवार को देवास पुलिस के पास भी पहुंचा। इमरान ने पुलिस को भी इस मामले में बताया था। उसके बाद पुलिस ने मामले को जांच में लिया था। इमरान की तरफ से बताया गया था कि देवास के एक बड़े नेता की ओर से इंदौर गैंग को सुपारी दी गई है। जिसमें मुझे फंसाया जा सकता है। मैं पिछले कुछ वर्षों से अपराध की दुनिया से अलग हो चुका हूं।

## खबर संक्षेप

### 8 जून को होगी 12वीं की पूरक परीक्षा

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल की पूरक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 12वीं बोर्ड के सभी विषयों की पूरक परीक्षा 8 जून को होगी। जबकि 10वीं बोर्ड की पूरक परीक्षाएं 10 जून से शुरु होंगी। यह 19 जून तक चलेंगी। 10वीं की पूरक परीक्षा में पहला पर्चा हिंदी विषय का होगा। इसके बाद उर्दू, मैथ्स, इंग्लिश, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान के पेपर होंगे। परीक्षा का समय सुबह 8 बजे से 11 बजे तक रहेगा। छात्र पूरा परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट पर देख सकते हैं। 12वीं की प्रायोगिक परीक्षा उसी दिन थ्योरी पेपर होने के बाद आयोजित की जाएगी।हायता राशि शासन द्वारा दी जा रही है। आष्टा में अब तक 18 लोगों ने यह राशि पाने के लिए आवेदन किए हैं।

### सीबीएसई : नंबर सत्यापित करने का शेड्यूल जारी

**सीहोर।** एमपी बोर्ड के बाद अब सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी की जा रही है। दोनों कक्षाओं का परिणाम 20 मई के बाद घोषित होने की संभावना है। इससे पहले बोर्ड परीक्षाओं के नंबर सत्यापित करने का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके तहत परीक्षा परिणाम घोषित होने के चौथे दिन प्रक्रिया प्रारंभ होकर निर्धारित अवधि में बंद कर दी जाएगी। सीबीएसई द्वारा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के अंकों को सत्यापित करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसके तहत ऐसे सभी छात्र जो अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं होंगे या अफसरों द्वारा आधिकारिक तौर पर परिणाम घोषित किए जाने के बाद 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अंकों के बारे में कोई संदेह है, तो वह ऐसी स्थिति में अंक सत्यापन के विकल्प का लाभ उठा सकेंगे। सीबीएसई बोर्ड द्वारा रिजल्ट 20 मई के बाद जारी किया जा सकता है। रिजल्ट घोषित होने पर छात्र ऑफिशल वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकेंगे। इसके लिए प्रक्रिया रिजल्ट घोषित होने के चौथे दिन से शुरू होगी और परिणाम घोषित होने की तारीख से आठवें दिन समाप्त होगी। इस तरह से 5 दिन तक यह सुविधा मिलेगी। कॉपियों के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया परीक्षा परिणाम की तारीख से 24 वें दिन से शुरू होगी और परिणाम घोषित होने की तारीख से25वे दिन समाप्त होगी।

### डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 26 मई

**सीहोर।** प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई, 2024 से एम पी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट https://rsk.mponline.gov.in/ पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई 2024 निर्धारित की गई है।

### श्रीराम कथा को सुनने भक्तों का उमड़ी भीड़

# भगवान रामजी का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ाः महंत उद्धावदास महाराज

राजा दशरथ ने बड़े ही दुखी हृदय के साथ श्रीराम चंद, माता सीता व लक्ष्मण को चौदह साल के वनवास पर जाने की अनुमित दी। इसके बाद भगवान श्रीराम चंद्र, माता सीता व लक्ष्मण वन-वन भटकते रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भगवान रामजी का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ा है उसे अगर सामान्यजन अपना ले तो उसका जीवन स्वर्ग बन जाए। मानवता के उद्धार के लिए भगवान श्रीराम वन गए थे। उक्त बात शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित सीहोर चित्रांश समाज के तत्वाधान में जारी संगीतमय नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान महंत उद्धावदास महाराज ने कहे।

उन्होंने कहा कि राजा दशरथ ने बड़े ही दुखी हृदय के साथ श्रीराम चंद्र, माता सीता व लक्ष्मण को चौदह साल के वनवास पर जाने की अनुमित दी। इसके बाद भगवान श्रीराम चंद्र, माता सीता व लक्ष्मण वन-वन भटकते रहे। इसी दौरान जगत के पालनहार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को गंगा पार करने के लिए केवट की मित्रता करनी पड़ी। केवट ने भगवान श्रीराम को गंगा पार करवाने से पहले उनके चरण धोकर चरण अमृत पीने की जिद पकड़ ली। भगवान श्रीराम द्वारा बार-बार केवट की जिद करने के बाद भी उसने भगवान की एक न मानी और आखिरकार भगवान को इस बात पर राजी कर ही लिया। इसके बाद केवट ने भगवान श्रीराम जी के चरण धोकर खुद भी चरण अमृत का पान किया और साथ-साथ ही साथ गांववासियों को भी बुलाकर उन्हें अमृत पान करवाया।

### रघुकुल रीति सदा चल आई, प्राण जाई पर वचन न जाई

उन्होंने कहा कि अयोध्या के कोपभवन में कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वचन मांगा। जिस पर राजा दशरथ ने कहा कि रघुकुल रीति सदा चल आई, प्राण जाई पर वचन न जाई, यह सुनते ही कैकयी ने राजा दशरथ से दो वचनों में से, पहला वचन अपने पुत्र भरत को अयोध्या की राजगद्दी तथा दूसरा प्रभु श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास। यह वचन सुनते ही महाराजा दशरथ के होश उड़ गए, जब प्रभु श्रीराम इस बात से अवगत हुए, तो वह पिता के वचन को निभाने के लिए वन जाने को सहर्ष तैयार हो गए। माता सीता व लक्ष्मण के साथ वन को चल दिए।

महंत उद्धावदास महाराज ने आगे कहा कि भगवान रामचंद्र ने अपने साथ आए मंत्री सुमंत को समझाकर रथ लेकर वापस राजा दशरथ के पास जाने के लिए रवाना किया। उसके बाद सीता, लक्ष्मण व निषादराज के साथ गंगा तट पर आए। केवट को गंगा पार जाने के लिए नाव लाने को कहा तो केवट ने लाने से इनकार कर दिया। उसने कहा कि है नाथ मैं चरणकमल धोकर ही आप लोगों को नाव में चढ़ाऊंगा। फिर प्रभु की आज्ञा पाकर उसने एक लकड़ी के कठौते में पानी लाकर प्रभु के चरण कमलों को धोकर उस जल को पूरे परिवार को पी लिया। इसके बाद अपने पितरों को भवसागर से पार कराकर प्रभु को गंगा पार कराया। केवट को प्रभु राम उतराई में रत्नजड़ित अंगूठी देने लगे तो केवट ने नाव पार कराई नहीं ली। केवट ने कहा कि लौटते समय आप मुझे जो देंगे, उसे प्रसाद समझकर मैं सिर चढ़ाकर लूंगा। इसके बाद सीता ने गंगा मइया से आशीर्वाद लिया व प्रभु ने गणेश और शिव का स्मरण कर गंगा को शिश झुकाकर सखा निषादराज, लक्ष्मण व सीता के साथ वन के लिए चले। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया कि शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चित्रांश समाज के द्वारा नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि आठ बजे से जारी कथा का समापन शुक्रवार को किया ।

## सरकारी भूमि पर लोगों ने बनाया धार्मिक स्थल, प्रशासन ने हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुदनी के वार्ड नं 7 में कुछ दिन पहले शासकीय भूमि पर वार्ड वासियों द्वारा बनाए धार्मिक स्थल को बुधवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने हटाया। वार्डवासियों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए निंदा की है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व वार्ड के रहवासियों ने यहां धार्मिक प्रतीक स्थापित किया था। ऐसे में रहवासियों ने चबूतरा बनाया था। जिसकी सूचना प्रशासन को मिली थी। बुधवार को प्रशासन ने एक संयुक्त टीम बनाई जिसने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से चबूतरे को तोड़ दिया। बताया जाता है कि यहां लंबे समय से खाली जगह पड़ी थी। रहवासियों ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी पत्र लिखकर मंदिर निर्माण के लिए भूमि आवंटित करने की मांग उठाई थी। जिसके बाद रहवासियों ने ही यहां चबूतरा बनाकर एक प्रतिमा स्थापित कर दी थी। यहां वार्डवासियों द्वारा पूजा-अर्चना भी शुरु कर दी गई थी।

### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे

**सीहोर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई, 2024 तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार की तिथि अब 31 जुलाई, 2024 निर्धारित किया गया है। इस संबंध में बोर्ड के फोन नम्बर 0755-2735931, 2731437 और 2737362 से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## मेडिकल संचालक से मारपीट करने वाला बदमाश गिरफ्तार:देशी कट्टा और जिंदा कारतूस भी मिले

**सीहोर।** पुलिस ने मेडिकल संचालक के साथ देशी कट्टा हवा में लहराकर मारपीट करने वाले आरोपी देवा गुर्जर को दबोच लिया है। आरोपी के पास जिन्दा कारतूस भी मिले। जानकारी के अनुसार 9 मई को चरनाल निवासी सुरज गौर ने थाना अहमदपुर में शिकायत की थी कि वो अपने साथी महेश गौर व सुनील गोर के साथ बांसिया गया था। बांसिया से वापस लौटते समय रात करीब 9.30 बजे जैसे ही हम अपनी यामाहा बाइक से चांदबड़ मैन रोड पर दिनेश सेन की दुकान के पास पहुंचे। वहां अचानक देवा गुर्जर पिता हाकम व विनय सिंह गुर्जर ने सामने आकर हमारी बाइक रोक ली और बोले बहुत नेता बनते हो और देवा गुर्जर ने हाथ में लिए डंडे से मारा, देवा गुर्जर ने महेश गोर के सिर में डंडा मारा। मामले में थाना प्रभारी अहमदपुर अविनाश भोपले ने बताया कि आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का होने से लगातार पुलिस से छिपने के लिए ठिकाने बदल रहा था। मुखबिर की सुचना पर आज मुख्य आरोपी देवेन्द्र उर्फ गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया गया।

## किसान के घर हुई चोरी का नहीं लगा सुराग

**आष्टा।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही चोरियों का पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पा रही हैं। यही वजह है कि 5 दिन पूर्व पार्वती थाना अंतर्गत गांव शंभू खेड़ी में एक किसान के यहां से अज्ञात चोर घर में घुसकर नकदी व सोने चांदी के जेवर सहित अलमारी उठाकर ले गए थे इसकी थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी पुलिस अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

शंभू खेड़ी गांव निवासी फरियादी जगन्नाथ पिता जोरावर सिंह उम्र 68 वर्ष ने 12 मई को पार्वती थाना आष्टा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि 11 मई को रात में 11:30 बजे घर के सभी सदस्य खाना खाकर अपने-अपने कमरों में सो गए थे। वहीं एक कमरे में जहां गोदरेज अलमारी रखी थी वहां पर पोता गोविंद एक अन्य बनवारी सो रहे थे। इस बीच में रात के समय अज्ञात चोरों ने उनके घर वाले, जहां सो रहे थे वहां की कुंडी लगा दी थी।

अलमारी को उठाकर घर से कुछ दूरी पर ले गए व उसका ताला तोड़कर 2 लाख 25 हजार रुपए और सोने चांदी के आभूषण आदि चुरा कर ले गए।

## नालियों की सफाई कर वहीं छोड़ रहे मलबा



**आष्टा।नगर** में बारिश से पहले नगर पालिका द्वारा नाले व नालियों की सफाई अभियान चला रही है। जिससे बारिश में नगर से पानी निकासी हो सके। साथ ही नगर में जल भराव की समस्या लोगों को नहीं उठानी पड़े। जबकि सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के कारण निकलने वाले मलबे का वहीं पर ढेर लगाए जा रहा है।

मस्जिद अमजद बेग के सामने पिछले तीन दिनों से नाले से निकाला हुआ कचरा मस्जिद के सामने पड़ा हुआ है। जिससे नमाजी परेशान हैं। वहीं बदबू और गंदगी के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो चुका है। अब कचरा पूरी तरह सूख चुका है जो तेज हवा के कारण पूरे मोहल्ले में उड़कर जा रहा है।

## कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि 31 मई तक बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है।

पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि (डयू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 को बढ़ाकर 31 मई, 2024 किया जायेगा।

## आष्टा मंडी में सोयाबीन के भाव में तेजीः महीनों बाद 5801 रुपए बिका, इसी तरह भाव बढ़े तो किसानों को होगा फायदा

**आष्टा।** मंडी में सोयाबीन के भाव में तेजी देखी गई है सोयाबीन के भाव लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं महीनों बाद 5801 रुपए बिका है कृषि उपज मंडी में लगातार उपज की आवक भी ज्यादा हो रही है। सबसे ज्यादा किसान गेहूं ला रहे हैं क्योंकि इस समय भाव भी अच्छा मिल रहे है।इसी तरह भाव बड़े तो जिन किसानों ने रोककर रखा सोयाबीन उनको होगा फायदा।



बता दे की पिछले साल अक्टूबर, नवंबर महीने में सोयाबीन की उपज किसानों के हाथ में आते ही इसके भाव कम हो गए थे। कई किसानों ने पैसे की आवश्यकता के चलते उसी समय सोयाबीन बेच दिया तो वही कुछ ने भाव बढने के चक्कर में अभी तक रोककर रखा है। जिन किसानों ने सोयाबीन रोककर रखा उनके लिए अच्छी खबर आई है। पिछले कई महीनों बाद अब सोयाबीन के भाव में तेजी देखने को मिली है। आष्टा कृषि उपज मंडी में सोयाबीन अधिकतम 5801 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। इससे जो किसान उपज लेकर आए उनके चेहरे पर एक अलग ही खुशी दिखी। आष्टा मंडी में कुल 2600 क्विंटल सोयाबीन की आवक दर्ज हुई। सोयाबीन न्यूनतम 3000 व अधिकतम 5801 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका है। हालांकि महंगा बिका सोयाबीन बीज का बताया जा रहा है। बता दे कि पिछले साल मंडी में सोयाबीन 6 हजार रुपए क्विंटल से ऊपर बिका था, लेकिन इस बार भाव में ज्यादा कोई इजाफा नहीं हुआ है।

**11645 क्विंटल आवक :** आष्टा मंडी में 11645 क्विंटल की आवक हुई। इससे सुबह की नीलामी में ही किसान ज्यादा नजर आए, जबकि दोपहर में सन्नाटे जैसी स्थिति बन गई थी। मंडी में गेहूं शरबती 3003 से 4073, गेहूं लोकवन 2520 से 2935, गेहूं पूर्णा 2466 से 2870, गेहूं मालवराज 2071 से 2401, चना कांटा 4500 से 6180, चना मौसमी 6037 से 7681, चना सफेद 8100 से 9051, मसूर 4100 I से 5702, मैथी 4501 से 4660 प्रति क्विंटल बिका।

## ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत का सामान्य शिक्षक वर्ग शिविर राघोगढ़ में आयोजित



**जावर।** विद्या भारती ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग राघौगढ़ में 15 दिवसीय वर्ग के द्वितीय दिवस के वन्दना सत्र में शशिकांत फड़के ग्रामीण शिक्षा अखिल भारतीय संयोजन,चंद्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख ग्रामीण शिक्षा, इंदर सिंह परमार प्रांतीय समिति सदस्य, गोपाल शर्मा वर्ग संयोजक,के द्वारा मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

अतिथियों का परिचय वर्ग संयोजक के द्वारा करवाया गया, अतिथियों का स्वागत कालुसिंह राजपूत एवं भवानीशंकर जिला सचिव शिवपुरी के द्वारा किया गया, जिसके पश्चात फड़के के द्वारा हमारी वन्दना/प्रार्थना के महत्व बताया गया कि, मां सरस्वती से हम प्रतिदिन साहस,शील,संयमता स्नेह सभी के लिए हो , हमारा जीवन में त्याग की भावना हो,हम लव कुश ध्रुव प्रहलाद जैसे हमारे भारतीय बालक हो जो हमारे आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखें। द्वितीय सत्र नारायण सिंह चौहान प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख के द्वारा लिया गया जिसमें




क्लासरूम प्रोसेस के माध्यम से को पढ़ाया गया, तृतीय सत्र में प्राण प्रमुख चंद्रहंस पाठक के द्वारा बालक के समग्र विकास में पंचकोषात्मक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। जिसमें शारीरिक, योग, संगीत,संस्कृत,नैतिक एवं आध्यात्मिक के द्वारा भैया बहिनों का समग्र विकास हो , इस पर विमर्श किया गया,सत्र का संचालन मुरली मनोहर शर्मा विभाग प्रमुख राजगढ़, संचालन टोली हरिशंकर सैनी, देवी सिंह नागर, राधेश्याम नागर, रामबाबू कुम्भज, सियाराम पाटीदार ,योगेन्द्र दांगी, दशरथ आदि उपस्थित रहे।

### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नहीं लग पा रहा अंकुश

# तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों पर सख्ती नहीं सड़कों पर अवैध पार्किंग से हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं । इंदौर-भोपाल हाईवे से निकलने वाले वाहनों के साथ ही शहर में भी कई वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहनों को चलाते हैं। इसके बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इंदौर-भोपाल हाईवे और शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है। वहीं वाहन पार्किंग पर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इंदौर-भोपाल पर चलने वाली कई बसें भी रूट शहर में अंदर नहीं आती है और जो यात्री बसें शहर में बस स्टैंड तक आती हैं वह भी सड़क पर खड़े होकर यात्रियों को उतारती हैं या बैठाती है।



इससे शहर में आए दिन हादसे हो रहे हैं। वहीं नगर में वाहनों को खड़ा करने के लिए कहीं पर भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है और बाजार में दिनभर जाम के हालात बनते रहते हैं। इसके बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वहीं गंगा आश्रम में भी डॉक्टरों की क्लीनिक और मेडिकल होने के वजह से यहां पर कई मरीज और डॉक्टर अपने वाहनों से यहां पहुंचते हैं, लेकिन वाहनों को खड़ा होने की जगह नहीं होने से सड़क भी ही वाहन खड़े होते हैं। यहां पर चार पहिया वाहनों के अधिक खड़े होने से अन्य वाहनों के निकलने के लिए बेहद कम जगह बचती है।

### दुकानों के बाहर खड़े होते हैं दोपहिया वाहन

बाजार में दुकानदारों ने सड़कों पर अपनी दुकान का सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है। वहीं बाजार में पार्किंग की व्यवस्था ना होने से दुकानों के सामने ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं।

**कहीं भी रोक देते हैं बसें :** शहर में आने वाली बसों के चालक सवारियों को बैठाने और उतारने के लिए बस स्टैंड के अलावा भी किसी भी जगह पर बसों को रोक देते हैं। यह बसें गंगा आश्रम, बस स्टैंड, इंदौर नाका, नदी चौराहा, पोस्ट ऑफिस चौराहा पर बसों को रोक देते हैं।

### करीब पौने दो करोड़ की लागत से बनने वाले भवन में देरी से सुविधा से वंचित बच्चे

# चार वर्षों से अधूरा पड़ा बालिका छात्रावास भवन, ढांचा खड़ा कर भूला ठेकेदार, जिम्मेदार भी बने बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुराने एबी रोड पर रेलवे स्टेशन के सामने करीब पौने दो करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से आरईएस विभाग के द्वारा ठेकेदार से बनवाए जा रहे बालिका छात्रावास भवन का निर्माण वर्षों से लंवित है। कोरोना काल के पहले से भवन निर्माण का कार्य शुरु हुआ था। कार्य विभागीय अधिकारियों तथा ठेकेदार की मिली भगत से बंद पड़ा हुआ है। जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रशासन द्वारा ठेकेदार को टेंडर प्रक्रिया के समय तय की गई निर्धारित अवधि से भी अधिक समय देने के बाद भी निर्माण कार्य चालू नहीं किया जा रहा है जिससे शासन द्वारा स्कूली छात्राओं को छात्रावास की सुविधा नहीं मिल पा रही है। जबकि शासन ने बालिकाओं को सुविधा देने के लिए लाखों रुपए की राशि स्वीकृत की गई। लेकिन यह राशि आरईएस विभाग एवं ठेकेदार के बीच घूम रही है।

**घटिया निर्माण की भी खुल रही है पोल, गिर रही ईंटे**



करीब एक रोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे छात्रावास का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है जिसके चलते छात्रावास की ईंटें गिर रही हैं। उसमें प्लास्टर हुआ ना ढंग से तराई हुई, ऐसे में अधूरा छात्रावास भवन कभी भी दुर्घटना को आमंत्रण देता नजर आ रहा है। उसके कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ। ऐसे में निर्माणाधीन छात्रावास भवन पूरी तरह से दयनीय स्थिति में पड़ा हुआ है।

**इनका कहना है**

मैं अभी सारंगपुर क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्था देखती हूं। छात्रावास का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा, ठेकेदार को निर्देश दिए जा रहे है।
**प्रियंका मेहरा, एई, आरईएस, राजगढ़**

**गुणवत्तापूर्ण निर्माण जरूरी, क्योंकि खाल में बन रहा है भवन**

इस छात्रावास का निर्माण रेलवे स्टेशन के सामने से गुजरी खाल (नाले) में किया जा रहा है। क्योंकि इस खाल में से वर्षा के दिनों में महीनों पानी बहता है इसलिए इसकी बेस निर्माण के समय आरसीसी की दिवारे आसपास बनाई गई हैं। लेकिन लोगों का कहना है कि इसका घटिया निर्माण हुआ है इसलिए यह खाले में आए वर्षा के पानी से क्षतिग्रस्त हो सकता है और छात्राओं के लिए भी जान का जोखिम बन सकता है। संबंधित विभाग के अधिकारी से इस संबंध में चर्चा की तो उनका कहना था कि ठेकेदार के द्वारा अभी टाइम मांगा गया है। इस कारण विलंब हुआ है। ठेकेदार को टाइम मिल गया है शीघ्र ही उक्त छात्रावास का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

### टीन सेट से वर्षों पुराना आम रास्ता हुआ बंद, वार्ड वासी शिकायत लेकर पहुंचे नगर पंचायत, नहीं हुई सुनवाई

## रसूखदार ने अपने प्लॉट पर टीन सेट लगाकर आम रास्ते पर किया कब्जा, वार्डवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर के खांडी बावड़ी मार्ग के पास स्थित गली नंबर 1 में रसूखदार शानू जायसवाल ने अपने प्लॉट पर टीन सेट लगाकर निर्माण कार्य चला रखा है। टीन सेट आम रास्ते पर बाहर 2 फीट के लगभग लगा रखा है, जिससे गली वासियों को आने जाने में तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।



यही नहीं रसूखदार शानू जायसवाल द्वारा बिजली के खंभे पर खुले में निडरता से तार जोड़कर वेल्डिंग मशीन से वेल्डिंग की जा रही है। जिसकी शिकायत वार्ड वासियों पप्पू मकवाना, मूलचंद, दीपक डागर, राजू कुमार ने नगर पंचायत तथा बिजली विभाग को की है लेकिन रसूखदार की राजनीतिक स्तर पर पकड़ होने से अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

वार्ड वासियों राजू वाल्मीकि, मूलचंद वाल्मीकि, पप्पू वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि ने मीडिया को बताया कि प्रवीण (शानू) ने अपने प्लॉट पर टीन सेट लगवाने का काम चालू कर रखा है। टीन सेट रास्ते में 2 फीट के लगभग बढ़ाकर लगाया जा रहा है जिससे हमारा वर्षों पुराना रास्ता संकरा हो रहा है, हमें आने - जाने में परेशानी आ रही है इसकी शिकायत हमने नगर पंचायत से भी की है लेकिन दो-तीन बार नगर पंचायत चक्कर लगाने के बाद भी हमारी सुनवाई नहीं हुई। खुलेआम बिजली के खंभे पर तार जोड़कर बेल्डिंग मशीन चला कर वेल्डिंग की जा रही है फिर भी विद्युत मंडल द्वारा कोई चालानी कार्यवाही नहीं करना प्रवीण (शानू) की रसूखदारी का सबूत है।

अब देखना यह है कि रसूखदार की रसूखदारी के चलते नगर पंचायत ओर बिजली विभाग कार्यवाही कर हमें न्याय दिलाएगी या मूक दर्शक बन देखती रहेगी।

**रसीद कटवा ली**

विद्युत मंडल जाकर 6300 रुपए की रसीद कटवा ली है। रही बात रास्ते की नगर पंचायत जांच करवा लें, मेरी रजिस्ट्री में 8 फीट का आम रास्ता है।
**प्रवीण (शानू) जायसवाल प्लॉट मालिक।**

**टेंपरेरी कनेक्शन दिया है**

प्लॉट मालिक को एक महीने का टेंपरेरी कनेक्शन 6300 रुपए की रसीद काट दी है।
**लखन लाल मेहरा, जूनियर इंजीनियर खिलचीपुर।**

**आवेदन आया है**

वार्ड वासियों का आवेदन आया है। कर्मचारियों को भेजकर दिखावा कर कार्यवाही की जाएगी।
**अशोक पांचाल, सीएमओ, खिलचीपुर**

## जनपद पंचायत शाजापुर के प्रभारी सहायक यंत्री सोलंकी निलंबित

**शाजापुर।** कलेक्टर ऋजु बाफना द्वारा विगत दिनों आयोजित मनरेगा निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों की अव्हेलना करने पर जनपद पंचायत शाजापुर के प्रभारी सहायक यंत्री अनुराग सोलंकी को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने 18 जनवरी 2024 को आयोजित मनरेगा निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जनपद पंचायत शाजापुर प्रभारी सहायक यंत्री अनुराग सोलंकी को निर्माण कार्यों के संबंध में निर्देशित किया गया था। सोलंकी द्वारा निर्देशों की स्पष्ट अव्हेलना करते हुए जपं शाजापुर की ग्राम पंचायतों में सामग्री मद की राशि की अधिकता वाले 97 चेकडेम व 22 फलड कन्ट्रोल व डाईवरजन चैनल स्वीकृत किये थे, जिनमें से 87 कार्य बिना कार्यक्रम अधिकारी सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं शाजापुर की अनुमति के प्रारंभ करवाए गए जो गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आते हैं। 18 जनवरी को आयोजित मनरेगा निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा जपं शाजापुर के प्रभारी सहायक यंत्री अनुराग सोलंकी को निर्देशित किया था कि मनरेगा योजनांतर्गत कुल व्यय का 60 प्रतिशत मजदूरी पर एवं 40 प्रतिशत सामग्री पर किए जाने के शासन निर्देशों के उपरांत भी जिले श्रम सामग्री अनुपात 58:42 है। जनपद पंचायत शाजापुर में श्रम सामग्री अनुपात संधारित न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और निर्देशित किया गया था कि मनरेगा में श्रम मूलक कार्य का क्रियान्वयन कर श्रम सामग्री अनुपात संधारित किये व मनरेगा योजनान्तर्गत अनुमत्य जल संरक्षण के कार्यों में सामग्री मद की राशि में 15 वित्त आयोग मद की राशि अभिसरण के निर्माण कार्यों को तकनीकी स्वीकृति जारी कर कार्य प्रारंभ करवाए।

## दुकानदारों के बाहरी अतिक्रमण और नलों से बेवजह पानी बहाने वाले उपभोक्ताओं पर नप करेगी कार्रवाई?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

लगता है कि नगर परिषद अब अस्थाई अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करने के प्रति सजग हो रही है। विगत सप्ताह भी मुनादी कराकर दुकानदारों के बाहरी अतिक्रमण एवं नलों से बेवजह पानी बहाने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करने के नाम पर नगर के गली मोहल्ले में मुनादी करवाई गई थी। गुरुवार तक दुकानदारों द्वारा व्यवस्थित समान जमा नहीं करने की दशा में सामान जब्त करने का भी कहा गया था। लेकिन फिलहाल मुनादी करवाने का प्रभाव जरा भी नजर नहीं आया। लेकिन गुरूवार को दोपहर में पुनः नगर परिषद द्वारा मुनादी करवाई जिसमें नगर परिषद द्वारा इंदर चौराहे, माचलपुर नाका अन्य स्थानों पर दुकान के बाहर रखे सामान कोई अव्यस्थित नहीं रखे तथा बाहरी सामान भी हटा लें। इससे प्रतिक होता है कि आखिर नगर परिषद कोई बड़ा कदम अतिक्रमण के नाम पर उठाना चाहती है या पूर्व की तरह मात्र




औपचारिकता पूरी करके इतिश्री करेगी। हालांकि नगर में व्याप्त अस्थाई अतिक्रमण जहां आवागमन में बाधक बनता है और ऐसे में जाम कि स्थिति नगर के प्रमुख मार्गों पर बनती है जिसमें आम नागरिक इस समस्या को झेलने पर मजबूर होता है। इतना ही नहीं नगर कि सौन्दर्यता पर भी इसका प्रभाव झलकता रहता है।

दुकानदारों का बाहरी सामान दूसरी ओर सड़क एवं आम रास्ता में अव्यवस्थित बाइक,ट्रेक्टर ट्राली, कार भी खड़े रहते हैं जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता है। हमारी पड़ताल बाइक की पार्किंग व्यवस्था चाहे तो नगर परिषद एक व्यवस्थित योजना बनाकर इस समस्या से निजात पा सकतीं हैं जिसमें दुकानदारों द्वारा अपना सामान बाहर नहीं रखने तथा इंदर सेठ जी की दुकान से हायर सेकेंडरी स्कूल तक जो तत्कालीन अतिक्रमण हुआ है उसे हटाकर बाइक की व्यवस्था पार्किंग के रूप में की जा सकती है। क्योंकि इस स्थान से आवास रास्ता सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाया गया था। लेकिन पुनः यहां पर अतिक्रमण हुआ है ऐसा नजरिया दिखता है। हॉकर जोन में जो सब्जी के ठेले लगे हुए हैं उन्हें व्यवस्थित रूप दिया जाए जिससे उस स्थान पर सब्जी विक्रेता एवं फल फ्रूट के ठेले की संख्या बड़ाई जा सकती है। दुकानदारों ने दुकानों के आगे जो बाहर सामान रखा है वह हटाया जाए, ताकि टू व्हीलर वाहन उस स्थान पर खड़े किए जा सकते हैं। जिससे यातायात से निजात मिल सकती है ऐसी संभावनाएं आम नागरिकों द्वारा जताई जा रही है।

## कायस्थ समाज ने 54 यूनिट रक्तदान कर मनाया भगवान चित्रगुप्त का प्रकट उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा राजगढ़ के जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना के नेतृत्व में कायस्थ समाज के आराध्य भगवान चित्रगुप्त महाराज का प्रकट उत्सव मनाया। जिले में राजगढ़ ब्यावरा नरसिंहगढ़ में चित्रगुप्त मंदिर है जहां सुबह से ही विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। नरसिंहगढ़ मंदिर पर चित्रगुप्त सभा के आयोजन में समाज के जिलाअध्यक्ष राकेश सक्सेना की विशेष उपस्तिथि में पूजा अर्चना हवन आरती की गई। साथ ही रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमे 54 सामाजिक महिला पुरुष बंधुओं ने रक्तदान किया।




इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य रामबाबू सक्सेना प्रांतिय प्रतिनिधि मनोज सक्सेना सुनील सक्सेना निपानिया मनोज सक्सेना हरलाय नगर अध्यक्ष राजगढ़ राजेंद्र सक्सेना नगर अध्यक्ष नरसिंहगढ़ जितेंद्र सक्सेना जिला कोषाध्यक्ष संजय सक्सेना विनोद श्रीवास्तव पचोर तहसील अध्यक्ष अनिल सक्सेना आशीष सक्सेना कुरावर हर्षवर्धन सक्सेना लाला सलिल सक्सेना राजीव सक्सेना नगर इकाई के पवन सक्सेना हेमंत सक्सेना प्रदीप सक्सेना राम सक्सेना महिला इकाई की उमा सक्सेना गुंजन सक्सेना कल्पना सक्सेना रेणु सक्सेना चंद्रकांता सक्सेना सहित सामाजिक महिला पुरुष बंधुओं की उपस्तिथि विशेष रूप से रही। चित्रगुप्त मंदिर ब्यावरा में अशोक सक्सेना, निवेदिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 18 यूनिट रक्तदान किया गया। भगवान चित्रगुप्त की महाआरती उतारी और बिरादरी भोजन कराया गया। जिलाध्यक्ष राकेश सक्सेना राजगढ़ नगर अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना ब्यावरा नगर अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना तहसील अध्यक्ष राजेश सक्सेना संजय सक्सेना कमलेश सक्सेना दिलीप भटनागर दीपक सक्सेना पिंटू सक्सेना महिला अध्यक्ष निवेदिता श्रीवास्तव, संध्या सक्सेना नेहा सक्सेना सहित जिला कार्यकारणी तहसील नगर कार्यकारणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे चित्रगुप्त प्रकोट उत्सव कार्यक्रम पूरे सप्ताह तक चलेंगे जिसमे वार्षिक कैलेंडर का प्रकाशन मातृ शक्ति सम्मान उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान महिला जिला कार्यकारणी की घोषणा की जाएगी।

### खिड़की काटकर घर में घुसे चोर, टीवी और रकम पर किया हाथ साफ

**नरसिंहगढ़।** बीती रात्रि को अज्ञात चोरों ने थावरिया स्थित जगदीश मंदिर पुजारी के घर चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए घरेलू सामान और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। मंदिर पुजारी मनोज दीक्षित ने मामले की थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार रात्रि को अज्ञात चोर खिड़की काटकर घर मे घुसे ओर टीवी, जेवरात चोरी कर लिए। सुबह जानकारी लगने पर उन्होंने पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुचकर छानबीन की। पुजारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस जल्द अज्ञात चोरों को पकड़ने की बात कह रही है। लेकिन देखने मे आया है कि पूर्व में भी शहर में चोरी की कई घटनाएं घटित हो चुकी है। लेकिन पुलिस के हाथ कोई खास सफलता नही लग पाई है। चोरी तो दूर दिन दहाड़े बंदूक की नोक पर लूट करने वाला लुटेरा भी पुलिस की गिरफ्त में नही आया है। फिलहाल शहर में बढ़ते अपराधों के कारण कही न कहीं पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं।

## पुलिस ने चोरी गई ट्रॉली को बरामद कर आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल




पुलिस को ट्रॉली चोरी का खुलासा कर आरोपियों से चोरी गई ट्रॉली व चोरी में उपयोग किया ट्रेक्टर बरामद करने में सफलता मिली है। 27 अप्रैल 24 को फरियादी अरविंद पिता शिवनारायण खाती उम्र 35 साल निवासी ग्राम मोहम्मदपुर मछनाई द्वारा थाना कालापीपल पर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई की गांव में सरकारी स्कूल के पास से मेरी ट्रॉली अज्ञात बदमाश द्वारा चोरी कर ले गए हैं। जिसकी रिपोर्ट पर से थाना कालापीपल पर अपराध कमांक 188/2024 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। जिसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपालसिंह राजपूत द्वारा जिले में चोरी की घटना रोकने के संबध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये जा रहे हैं व अभियान चलाया जा रहा है। जिसके पालन में अति. पुलिस अधीक्षक टीएस बघेल जिला शाजापुर द्वारा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पिंटू कुमार बघेल शुजालपुर के मार्गदर्शन में कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी कालापीपल मनोहर सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

गठित टीम ने अभियान के दौरान 17 मई को आरोपी अनिल पिता विक्रम सिंह अहिरवार उम्र 19 साल निवासी घटटी मुख्त्यारपुर व हुकुम सिंह पिता सूरज सिंह अहिरवार उम्र 30 साल निवासी मोहम्मदपुर मछनाई से चोरी गई ट्राली व चोरी में उपयोग किया गया एक सोनालिका ट्रेक्टर जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना कालापीपल निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत, उप निरीक्षक रवि भण्डारी, उप निरीक्षक आरसी यादव, प्र०आर विशाल पटेल, प्रआर विवेक गोस्वामी, प्रआर करण वर्मा आरक्षक वेदप्रकाश परमार आरक्षक नयन यादव आरक्षक सुमित पटेल, आरक्षक अखिलेश की मुख्य भूमिका रही।

### पुलिस ने दोनों पक्षों पर की कार्रवाई

## मुर्गा चोरी को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बुधवार को शहर के गांधी चौक स्थित किला मोहल्ला में दो मुस्लिम समुदाय के गुटों में मुर्गा चोरी की बात को लेकर विवाद हो गया। देखते देखते विवाद इतना बढ़ गया की दोनों ही पक्षों के लोगों में खूनी संघर्ष छिड़ गया। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने दोनों ही पक्षों के लोगों पर 307 294, 323, 324, 506, 452, 34 सहित विभिन्न धाराओं पर प्रकरण दर्ज किया है। हिरासत में लिए गए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश की गया। ज्ञात हो कि हिरासत में लिए लोगों को मेडिकल करा कर जेल भेजा गया है।

### सर्वेयर से सांठगांठ की आशंका, तौल केंद्र पर फसल ट्रॉली में भरकर लाने का है नियम

## समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र पर किसानों के साथ-साथ व्यापारी के माल की हो रही तुलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

शासन द्वारा हर साल समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों की उपज तौली जाती है। जिसमें खासकर गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों (रायडा) की फसल शामिल होती है। वेदांता वेयरहाउस माचलपुर में गेहूं, रायडा एवं मसूर की तौल समर्थन मूल्य पर की जा रही है। सहकारी समितियों द्वारा जिन फसलों का समर्थन मूल्य पर तौल किया जाता है वह फसल गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इसलिए फसल खरीदी केंद्र पर एक सर्वेयर भी तैनात किया जाता है। सर्वेयर फसल की गुणवत्ता परखता है जो फसल गुणवत्ता विहीन है उसे चाहे तो सर्वेयर खरीदी से निरस्त कर सकता है। साथ ही जो फसल खरीदी जा रही है उसकी गुणवत्ता के प्रमाण स्वरूप फसल का नमूना भी ले सकता है। फसल के नमूने के लिए ढाई सौ ग्राम तक नमूने के तौर पर फसल रख सकते हैं। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यहां लगभग दो किलो तक का सेंपल लिया जा रहा है जो जांच का विषय है। अभी तक की गई खरीद के दौरान लिए गए नमूने की फसल कहां है ? क्यों नियम विरुद्ध जरूरत से ज्यादा वजन के सेंपल रखे गए। इन सवालों के जवाब जांच से ही सामने आ सकते हैं।



**किसानों के नाम पर व्यापारी खपा रहे माल**

माचलपुर में समर्थन मूल्य और बाजार मूल्य में भारी अंतर होने के कारण कुछ व्यापारियों द्वारा मुनाफा कमाने के लिए सोसायटी प्रबंधन और सर्वेयर से सांठगांठ कर अपना गुणवत्ता विहीन रायडा किसानों के पंजीयन पर खपा रहे हैं। तौल केंद्र पर फसल ट्रॉली में भरकर लाने का नियम है जबकि यहां बोरियों में भरकर रायडा लाते देखा गया। आखिर किसी एक बोरी से सेंपल लेकर बाकी अन्य बोरियों में भरे रायडे की गुणवत्ता का कैसे आंकलन किया जा सकता है। किसानों की फसल के बजाय व्यापारी के माल होने की शंका बलवती मानी जा सकती है। क्योंकि किसान का रायडा होता तो वह ट्राली में खुले तौर पर लाता ना की बोरियों में भरकर। इस धंधे में स्पष्ट रूप से सोसायटी प्रबंधन, व्यापारी और सर्वेयर की सांठगांठ उजागर हो रही है।

**ऐसे चल रहा खेल**

व्यापारियों द्वारा कहीं मंडी से तो कहीं खुले बाजार से जो रायडा खरीदा गया उसे अपने चहेते किसानों द्वारा किए गए पंजीयन पर तुलवा देते हैं। किसानों द्वारा किए गए पंजीयन और उसके रकबे में उत्पादित फसल की सही जानकारी जुटाई जाए। वहीं यदि प्रशासनिक अधिकारी सही तरीके से मंडी में व्यापारियों द्वारा खरीदे गए रायडे और खरीदी केंद्र पर खरीदे गए रायडे का वास्तविक मिलान कर जांच करें तो सारा खेल उजागर हो सकता है।

**जांच कराएंगे**

मेरे द्वारा बुधवार को उक्त वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया था। सेंपल के रूप में कोई अधिक उपज नहीं ली जा रही है। मैंने कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि उपज बोरियों की बजाय खुले रूप में मंगवाई जाए। यदि व्यापारी का माल किसी तरह तुला होगा तो उसकी हम जांच करवाएंगे।
**आरपी ठाकु, तहसीलदार जीरापुर**